## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 26.02.2024 को आयोजित प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक– / JJM- / दिनांक

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन(हर घर जल) कार्यक्रम अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक दिनांक 26.02.2024 को विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। जिसमे निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं निम्न बिन्दु पर समीक्षा की गयी है :–

1. इं0 मोहित चक, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
2. इं0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
3. इं0 निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
4. इं0 शिवम राजपूत, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, फिरोजाबाद।
5. श्री देवेन्द्र सिंह, जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0।
6. श्री शुभम गुप्ता, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0।
7. श्री शिवरामा कृष्णा, उप–परियोजना प्रबन्धक, मै0 एल0एण्डटी0।
8. श्री जे0पी0, उप–परियोजना प्रबन्धक, मै0 एल0एण्डटी0।
9. श्री जैब यासिम, मै0 एल0एण्डटी0।
10. श्री विजय लोखण्डे, मै0 एन0सी0सी0 लि0।

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) फिरोजाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत WTP हेतु ग्राम भडेरा, परगना–मारहरा, तहसील व जिला–एटा में प्रस्तावित भूमि गाटा संख्या–264 रकवा 7.751हे0 तथा गाटा संख्या–261/3.372हे0, 268/1.707हे0 व 250/7.207हे0 कुल रकवा 20.037हे0 में से गाटा संख्या–264 रकवा 7.751हे0 भूमि पर किसानों द्वारा राजस्व परिषद आगरा में कोर्ट केस की सुनवाई दिनांक 13.02.2024 को की गयी, जिसमें मा0 न्यायालय द्वारा निर्देश दिये गये कि मृतक पट्टेदारों की सूची राजस्व विभाग एटा से सत्यापित कराते हुये उनका वारिसनामा की कार्यवाही पूर्ण करा ली जाये, जिससे केस की अग्रिम सुनवाई करते हुये न्यायिक निर्णय लिया जा सके।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जनपद के 09 विकास खण्ड अन्तर्गत 780 नग राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित फर्मो नामतः मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड एवं मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा कार्य कराये जा रहे हैं।

(1.) पैकेज–01 :–

जनपद फिरोजाबाद में चयनित मैसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा जल जीवन मिशन के तहत फेज–IV के प्रस्तावित कार्यों एवं प्रगति के बारे में जानकारी चाही गयी। जिस पर मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि Raw Water Feeder main (0.39 Km.) की डिजाइन कैलक्यूलेसन का कार्य प्रगति पर है, Clear Water Rising Main (Route-1) - 31.14 Km. एवं Clear Water Rising Main (Route-2) - 58.41 Km. की Hydraulic Design and Staff Quarter, Boundary Wall, Meter Room & Guard Room की डिजाइन IIT BHU से Vetted कर तकनकी स्वीकृति हेतु उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी गयी है एवं MIBPS रामगढ़ उमरगढ़ पर सरप्लस मिट्टी को हटाने का कार्य 10 नग मैन पावर द्वारा किया जा रहा है, MIBPS इन्दरई पर बाउण्ड्रीवाल का कार्य 18 नग मैन पावर द्वारा प्रगति पर है। कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गयी एवं निर्देश दिये गये कि कराये जा रहे कार्यों की प्रगति हेतु अधिक से अधिक मैन पावर बढ़ाये जाये एवं कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु फर्म से इंजीनियर भी तैनात किये जाये।

Scanned with OKEN Scanner

(2.) पैकेज–02 :–

जनपद फिरोजाबाद में चयनित मैसर्स एल0एण्डटी0 लिमिटेड द्वारा जल जीवन मिशन के तहत फेज–IV के प्रस्तावित कार्यों एवं प्रगति के बारे में जानकारी चाही गयी। जिस पर मै0 एल0एण्डटी0 लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि संशोधित डी0पी0आर0 की डिजाइन के अनुसार OHT (249 Nos.), IBPS - 08 Nos., Clear Water Rising Main - 1332.73 Km एवं Distribution System - 5424.70 Km हो गयी है जिसके सापेक्ष वर्तमान तक Distribution System -406.00 Km, 38 नग OHT Campus एवं 08 नग IBPS की बाउण्ड्रीवाल का कार्य प्रगति पर बताया गया। तदोपरान्त अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि स्वीकृत 229 नग वितरण प्रणाली की हाइड्रोलिक डिजाइन के सापेक्ष मात्र 52 नग स्थलों पर ही कार्य प्रारम्भ है एवं अवर जलाशय हेतु स्वीकृत 18 नग डिजाइन के सापेक्ष कार्य अनारम्भ है। प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक में पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं पर शीघ्र FHTC प्रदान करते हुये जनपद में 33 प्रतिशत FHTC प्रदान किया जाना लक्षित है जिसके सापेक्ष खण्ड द्वारा फर्म को प्रतिदिन 1000 नग FHTC प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, फर्म द्वारा माह – फरवरी, 2024 में दिनांक 25.02.2024 तक मात्र 732 नग FHTC प्रदान किये गये है, जिस पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये निर्देशित किया गया कि FHTC के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु फर्म द्वारा कार्यों में घोर लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिये जा रहे निर्देशों की अवहेलना की जा रही है। फर्म कार्यों की मात्रा को दृष्टिगत रखते हुये मैन पावर बढ़ाते हुये आगामी बैठक से पूर्व 33 प्रतिशत FHTC का लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। साथ ही निर्देश दिये गये कि ग्रामों में पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु सड़क को मध्य से न तोड़ते हुये एक किनारे की तरफ काटी जाये तथा जहां सम्भव हो उन मार्गों पर सड़क के किनारे कच्ची पटरी पर ही पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य कराया जाये, सड़क काटने हेतु कटर का उपयोग किया जाये। यदि सड़क मध्य में तोड़ने की आवश्यकता पड़ रही हो तो विभागीय संयुक्त निरीक्षण के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ करें एवं पाइप लाइन बिछाने के पश्चात् तत्काल हाइड्रो टेस्ट कराते हुये सड़कों का मरम्मत मानकानुसार किया जाये।

इसके अतिरिक्त निर्देश दिये गये कि स्वीकृत हाइड्रोलिक डिजाइन के सापेक्ष आगामी बैठक से पूर्व 200 नग स्थलों पर वितरण प्रणाली के कार्य प्रारम्भ कराये जाये एवं अवर जलाशय की स्वीकृत डिजाइन के सापेक्ष सभी स्थलों पर कार्य प्रारम्भ करायें, प्रस्तावित 249 नग अवर जलाशय कैम्पस की बाउण्ड्रीवाल का कार्य लोकसभा–2024 चुनाव की आदर्श आचार सहिंता से पूर्व प्रगति में लाया जाये व प्रयोग में लायी जाने वाली सामग्री एवं पाइप का Procurement करा लिया जाये।

(3.) टी0पी0आई0 :–

जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यों के नियमित निरीक्षण उपरान्त निर्गत की गयी 61 नग NC's में से फर्म मै0 एल0एण्डटी0 लिमिटेड द्वारा मात्र 25 नग NC's का निराकरण किया गया है। शेष पर फर्म द्वारा कार्यवाही आपेक्षित है एवं अवगत कराया गया कि पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़कों का मरम्मत कार्य संतोषजनक नहीं है। पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु की गयी खुदाई उपरान्त प्राप्त सरप्लस मिट्टी को फर्म द्वारा नहीं हटाया जा रहा है, जो सड़क एवं नालियों में पड़ी रहती है, जिससे कही–कही जल भराव की भी समस्या है। निर्देशित किया गया कि निर्गत की गयी NC's का शत्–प्रतिशत निराकरण करे एवं सड़कों का मरम्मत कार्य मानकानुसार एवं सी0सी0 सड़क की गुणवत्ता की जांच हेतु Cube Test भी कराया जाये, जहां पर पाइप लाइन की गहराई कम पायी जा रही है उसे पुनः मानकानुसार गहराई पर बिछाया जाये। टी0पी0आई0 द्वारा कार्यों की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु कार्यों का दैनिक निरीक्षण एवं फर्म द्वारा मरम्मत की गयी सड़कों की वस्तुस्थिति एवं गुणवत्ता से आगामी बैठक में अवगत कराये।

Scanned with OKEN Scanner

(4.) अन्य दिशा–निर्देश :–

जनपद में कराये जा रहे कार्यों हेतु निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु आवश्यकतानुसार ही सड़क कटिंग की जाये एवं योजना के कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुधार हेतु पर्याप्त मैन पावर लगाते हुये कार्यों में तेजी लाना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि फर्म मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड को कार्यों में धीमी प्रगति हेतु नोटिस जारी करना सुनिश्चित करें एवं विभागीय इंजीनियर से फर्मो द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता हेतु दैनिक निरीक्षण कराया जाये।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

(दीक्षा जैन)
मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
3. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0(मैधज), फिरोजाबाद।
5. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
6. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–01 मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।

मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

Scanned with OKEN Scanner